
# यूपी में कोई भय नहीं, कोई अराजकता नहीं : योगी

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को भारतीय नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दीं

**अयोध्या, 19 मार्च. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब लोग नए वर्ष पर परिवार के साथ मंदिरों में दर्शन-पूजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी उन स्थानों से दूरी बना रही है, जहां सनातन परंपरा के विरोध की गतिविधियां होती हैं.**



दरअसल, चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन गुरुवार को द्रौपदी मुर्मु ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 'श्रीराम यंत्र' की विधिवत प्रतिष्ठापना की। इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, संत-महात्मा और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को भारतीय नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दीं और अयोध्या धाम की आध्यात्मिक महत्ता का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि सरयू का पावन जल इस नगरी को निरंतर पवित्र करता है और यहां आयोजित धार्मिक अनुष्ठान रामराज्य की अनुभूति कराते हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और अशांति का माहौल है, वहीं अयोध्या में इस प्रकार के आयोजन भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसे समय में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना के साक्षी बन रहे हैं, जब विश्व अशांत है, और यह हमारे लिए रामराज्य की अनुभूति का क्षण है। उन्होने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आस्था को अंधविश्वास बताकर उसका अपमान किया गया, जबकि स्वयं सत्ता में रहने वाले लोग नोएडा जाने जैसे मिथकों का पालन करते रहे. उन्होंने कहा कि सदियों के संघर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि का भव्य स्वरूप सामने आया है, जो देश की आस्था का प्रतीक है.

### समृद्धि के 9 वर्ष पर वार्षिक पुस्तक का विमोचन


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पुस्तक का विमोचन किया. उन्होनें कहा कि नव वर्ष हुए हैं तो पहली अप्रैल से जो हमारा बजट है उसमें हमने पैसे की व्यवस्था भी 9 लाख 12 हजार करोड़ की व्यवस्था की है प्रदेश के विकास के लिए. वित्त मंत्री ने खन्ना ने आपके लिए 9 लाख 12000 करोड़ का बजट बनाया है।सुरक्षा के मुद्दे पर आप याद करिए यही तो प्रदेश है. कल से नवरात्रि प्रारंभ हो रही है. इस दौरान रमजान का महीना भी चल रहा है. परसों अलविदा की नवाज होगी. कल से त्यौहार है. लोगों में खुशी है कि हमारा त्यौहार आ रहा है. हम नवरात्रि के साथ जुड़ेंगे जगत जननी मां भगवती के उपासना के साथ जुड़ेंगे. कोई भय नहीं कोई तनाव नहीं कोई अराजकता नहीं कोई व्यवस्था नहीं कोई कर्फ्यू नहीं है कोई दंगे का भय नहीं है.

### सुको ने 'उद्योग' की परिभाषा पर फैसला सुरक्षित रखा

**नईदिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत 'उद्योग' शब्द की परिभाषा के विवादास्पद मुद्द पर अपना फैसले को सुरक्षित रख लिया. प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9-सदस्यीय संविधान पीठ ने तीन दिन तक चली सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं जैसे शेखर नफाड़े, इंदिरा जयसिंह, सी यू सिंह और संजय हेगड़े सहित विभिन्न वकीलों की दलीलें सुनीं. इस पीठ में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस के अलावा न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली भी शामिल हैं.

# सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ाए आरएसएस

- शताब्दी समारोह में मीडिया पर बोले मोहन भागवत



**नागपुर, 19 मार्च. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने डिजिटल मंचों के बढ़ते प्रभाव पर जोर देते हुए गुरुवार को कहा कि संघ को रचनात्मक पहलों को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति और सक्रियता बढ़ाने की आवश्यकता है.**

भागवत ने यहां एक मराठी कार्यक्रम में शताब्दी समारोह के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यद्यपि सोशल मीडिया का पहले से ही व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है, लेकिन सकारात्मक उद्देश्यों के लिए इसका अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीम और लघु चलचित्रों जैसे कंटेन्ट पहले से ही प्रसारित हो रही है.

जिसमें संगठन की संचार शाखा और उसके स्वयंसेवक ऑनलाइन सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, यह जुड़ाव धीरे-धीरे व्यापक वीकृति प्राप्त करेगा.

> संगठन के व्यापक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को एकजुट करना और सामाजिक परिवर्तन लाना, जैसी गतिविधियां एक साथ चलती हैं. उन्होंने आगे कहा कि समर्पित स्वयंसेवक अक्सर रचनात्मक पहल करते हैं, जो बदले में समाज को प्रभावित करती हैं और सार्थक बदलाव लाने में मदद करती हैं. संघ प्रमुख ने यह भी बताया कि संगठन के बढ़ते पदचिह्नों के कारण अधिक विकेंद्रीकरण की आवश्यकता है. उन्होंने जनता की बढ़ती उम्मीदों और विभिन्न क्षेत्रों में स्वयंसेवकों की बढ़ती मांग के साथ छोटी और अधिक कुशल परिचालन इकाइयां बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि जैसे-जैसे कार्य का दायरा बढ़ता है, सरकार और प्रशासनिक निकायों के साथ नियमित जुड़ाव आवश्यक हो जाता है।इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए संगठन एक अलग समन्वय ढांचा स्थापित कर रहा है.

### आज का इतिहास

1351- दिल्ली के सुल्तान मोहम्मद बिन तुगलक का निधन हुआ.
1602- डच ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना हुई, जो विश्व की पहली बहुराष्ट्रीय कंपनी बनी.
1615- दारा शिकोह का जन्म। मुग़ल बादशाह शाहजहां और मुमताज़ महल का सबसे बड़ा पुत्र.
1727- महान ब्रिटिश वैज्ञानिक सर आइजैक न्यूटन का निधन.
1739- नादिरशाह ने दिल्ली के सुल्तान मोहम्मद शाह को हराकर दिल्ली पर कब्ज़ा किया और भारी लूटपाट की.
1815- नेपोलियन बोनापार्ट ने एल्बा से निर्वासित होने के बाद पेरिस में प्रवेश किया और अपना हंड्रेड डेज शासन शुरू किया.

## अनिल अंबानी से सीबीआई ने 8 घंटे तक की पूछताछ

**नई दिल्ली, 19 मार्च.** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने गुरुवार को अनिल अंबानी से करीब 8 घंटे तक पूछताछ की। यह पूछताछ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत पर की गई, जिसमें रिलायंस कम्युनिकेशंस पर करीब 2,929 करोड़ रुपये के फ्रॉड का आरोप है.

सीबीआई ने अनिल अंबानी को शुक्रवार को फिर से पूछताछ के लिए अपने ऑफिस में बुलाया है. एसबीआई का कहना है कि आर कॉम और अनिल अंबानी ने लोन की शर्तों का पालन नहीं किया और पैसे का गलत इस्तेमाल किया, जिससे बैंक को भारी नुकसान हुआ. बैंक ने पिछले साल जून में इन खातों को फ्रॉड घोषित कर दिया था. इसी मामले में सीबीआई पहले आर कॉम के दफ्तर और अनिल अंबानी के घर पर भी छापेमारी कर चुकी है.

# पालम घटना पर केजरीवाल ने बीजेपी पर लगाए आरोप

- पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे केजरीवाल, हुआ विवाद

**नई दिल्ली, 19 मार्च. दिल्ली के पालम इलाके में हुई दर्दनाक घटना के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है. अरविन्द केजरीवाल ने पीड़ति परिवार से मुलाकात के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर बदसलूकी और रोकने का आरोप लगाया है.**

उन्होंने कहा कि वे शोक संतप्त परिवार के साथ संवेदना व्यक्त करने गए थे, लेकिन उन्हें वहां मिलने नहीं दिया गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया. केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि घटना में 9 लोगों की मौत सरकार की नाकामी और लापरवाही का परिणाम है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राहत कार्यों में गंभीर



खामियां थीं, जिससे लोगों को समय पर मदद नहीं मिल सकी. इस घटना ने न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि इसे लेकर सियासी टकराव भी तेज हो गया है.

फिलहाल मामले ने राजनीतिक रूप ले लिया है और दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है. राजधानी दिल्ली के पालम इलाके में हुई घटना के बाद अब सियासत तेज हो गई है. उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां परिवार अपने सदस्यों को खोने के दुख से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर इस तरह का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है.

# ईरानी हमलों से घबराए खाड़ी देश पहुंचे यूएन


**वांशिगटन, 19 मार्च. अमेरिका और ईरान युद्ध अब भीषण जंग में तब्दील हो गया है. ईरान अमेरिका से बदला लेने के लिए खाड़ी देशों में मौजूद उसके ठिकानों पर हमले कर रहा है.**

इसके साथ ही, वह कच्चे तेल की प्लांट को भी निशाना बना रहा है, जिससे दुनिया में ऊर्जा संकट पैदा हो सकता है. इन सबसे घबराए खाड़ी देश आनन-फानन में यूनाइटेड नेशन (यूएन) पहुंचे हैं और तुरंत ही बहस करने की मांग की है. डॉक्युमेंट्स से पता चलता है कि खाड़ी देशों ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में और मिडिल ईस्ट में नागरिकों और ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर ईरान के हमलों को लेकर एक तत्काल बहस का अनुरोध किया है. खाड़ी देशों द्वारा भेजा गया एक राजनयिक नोट में बहरीन, जॉर्डन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बताता है, जिसके मानवाधिकारों पर गंभीर प्रभाव पड़ते हैं.

ईरान पर अमेरिकी-इजरायल युद्ध का विस्तार, जो अब अपने तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है, ने खाड़ी देशों में ऊर्जा और नागरिक बुनियादी ढांचे पर ड्रोन और मिसाइल हमलों के रूप में बड़े पैमाने पर ईरानी जवाबी कार्रवाई को जन्म दिया है.

### ईरान के गैस बुनियादी ढांचे पर अब और हमले नहीं करेगा इजरायल : ट्रंप

**वाशिंगटन.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इजरायल अब ईरान के महत्वपूर्ण गैस बुनियादी ढांचे पर और हमले नहीं करेगा. युद्ध के तेजी से बढ़ते ऊर्जा मोर्चे को नियंत्रित करने के प्रयास में ट्रंप का यह बयान अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है. यह घोषणा ईरान के साउथ पार्स गैस क्षेत्र पर इजरायली हमले के बाद आई है, जो दुनिया के सबसे बड़े गैस क्षेत्रों में से एक और ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है.



### पेंटागन ने ईरान युद्ध में लागत बढ़ने के कारण 200 अरब डॉलर की मांग की

**वाशिंगटन.** अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने व्हाइट हाउस से ईरान युद्ध का समर्थन करने के लिए 200 अरब डॉलर से अधिक धनराशि के अनुरोध को मंजूरी देने के लिए कहा है. यह जानकारी स्पूतनिक ने वाशिंगटन पोस्ट के हवाले से गुरुवार को दी. वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यह अनुरोध मौजूदा खर्च से कहीं अधिक होगा और एक ऐसी राशि है जिसका कांग्रेस में कड़ा विरोध हो सकता है।इसका उद्देश्य उन हथियारों के भंडार को फिर से भरना है जो पिछले तीन हफ्तों में अमेरिकी और इजरायली सेनाओं द्वारा किए गए.

# सूरत में आश्रम से 2 .38 करोड़ के नकली नोट पकड़े

**अहमदाबाद, 19 मार्च.** अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने नकली नोटों के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। नकली नोट छापने का काम सूरत के एक आश्रम में हो रहा था। पुलिस ने यहां छापेमारी कर नोट छापने की की मशीनों के साथ 2.38 करोड़ रुपए के नकली नोट जब्त किए। इस रैकेट का मुख्य आरोपी और तथाकथित योग गुरु प्रदीप जोटांगिया समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अब तक की जांच में पता चला है कि नकली नोट छापने के लिए इस्तेमाल होने वाला खास कागज चीन से मंगाया जाता था। इसका पेमेंट क्रिप्टो करंसी के जरिए किया गया था। क्राइम ब्रांच ने बताया कि क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि कुछ लोग नकली नोटों की हेराफेरी कर रहे हैं। इसी आधार पर एसीपी और पीआई की एक टीम गठित की गई और अहमदाबाद के अमराईवाड़ी इलाके में एक कार रोकी गई। तलाशी के दौरान गाड़ी से 2.38 करोड़ रुपए कीमत के 500 रुपए के नकली नोट बरामद हुए।

# जयपुर वैश्विक छलांग के लिए तैयार : भजनलाल

- 5,800 करोड़ की परियोजना का क्रियान्वयन
- राजस्थान मंडपम और संबद्ध अवसंरचना

**नई दिल्ली, 19 मार्च.** राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर, राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उद्योग एवं वाणिज्य, सूचना एवं संचार, युवा मामले एवं खेल, कौशल, योजना एवं उद्यमिता एवं सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राजवर्धन राठौर, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, युवा मामले एवं खेल, कौशल, योजना एवं उद्यमिता एवं नीति निर्माण विभाग के माननीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण कुमार विश्नोई और सरकार के मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की उपस्थिति में इस परियोजना का अनावरण किया.



### मोदी-मुर्मु ने दी नववर्ष का दी बधाई

**नई दिल्ली, 19 मार्च.** देशभर में हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत-2083 के आगमन के साथ ही चैत्र नवरात्र का पावन पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ शुरू हो गया है. मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है. इस शुभ अवसर पर द्रौपदी मुर्मु, नरेन्द्र मोदी और सीपी राधाकृष्णन समेत देश के शीर्ष नेताओं ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं. राष्ट्रपति मुर्मु ने राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की.

## किसी के बहकावे में न आयें : राहुल गांधी

**नई दिल्ली 19 मार्च. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर नफरत फैलाकर दिल्ली में फिर से दंगे जैसे हालात बनाने का आरोप लगाया है और लोगों से अपील की है कि किसी बहकावे में न आयें.**

गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा चाहती है कि देश हिन्दू-मुसलमान में उलझा रहे ताकि लोग विभिन्न मुद्दों पर सवाल न पूछ सकें. उन्होंने होली के मौके पर राजधानी के उत्तम नगर की घटना का उल्लेख करते हुए कहा, उत्तम नगर के लोगों ने हिंसा की भारी कीमत चुकाई है। एक तरफ एक जवान लड़के, तरुण, की जान चली गई, दूसरी तरफ एक पूरा परिवार उत्पीड़न का सामना कर रहा है. उन्हें और खून-खराबा नहीं चाहिए। श्री गांधी ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)और उसका इकोसिस्टम नफरत के माहौल को बढ़ावा देकर हिंसा से राजनीतिक फायदा उठाना चाहता है। उन्होंने आरोप लगाया, वे चाहते हैं कि देश हिंदू-मुसलमान में उलझा रहे , ताकि लोग ये न पूछ सकें कि आखिर प्रधानमंत्री देश की रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और सामरिक संप्रभुता को अमेरिका के हवाले करने पर क्यों मजबूर है.

## जुबीन गर्ग केस की सुनवाई के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट की नियुक्ति

- बक्सा जिला जज करेंगी अध्यक्षता
- 19 सितंबर को सिंगापुर में हुई थी मौत


**गुवाहाटी, 19 मार्च. असम के मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट ने तेजी से सुनवाई के लिए एक फास्ट-ट्रैक सेशन कोर्ट की स्थापना की है.** बक्सा जिले की जिला जज शर्मिला भुइयांविशेष कोर्ट की अध्यक्षता करेंगी. यह निर्णय गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस द्वारा किया है और सुनवाई प्रतिदिन होगी.



तैयारी
### वैश्विक केंद्र के लिए आत्मनिर्भर भारत बनाने की आशवयकता : राजनाथ

# स्वदेशी ड्रोन निर्माण के लिए मिशन मोड में काम करे भारत

**नई दिल्ली 19 मार्च. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत को मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को देखते हुए रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने, रक्षा तैयारी को सुदृढ़ करने तथा देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी ड्रोन निर्माण का वैश्विक केंद्र बनने के मिशन मोड में कार्य करना चाहिए.**



उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों को अपनाना आवश्यक है। श्री सिंह ने रक्षा उत्पादन विभाग द्वारा आयोजित दो दिन के राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में गुरुवार को उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकियां विषय पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, नव-उद्यमों, रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार विजेताओं, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों, निजी रक्षा कंपनियों, नवोन्मेषकों, नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों को संबोधित किया। उन्होंने वर्तमान भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को देखते हुए रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने, रक्षा तैयारी को सुदृढ़ करने तथा देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ड्रोन उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर ईरान और इजराइल के बीच तनाव तक चल रहे संघर्ष इस बात के प्रमाण हैं कि भविष्य के युद्धों में ड्रोन और प्रतिरोधी ड्रोन प्रौद्योगिकियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, और ड्रोन निर्माण में आत्मनिर्भरता केवल उत्पाद स्तर पर ही नहीं बल्कि कलपुर्जे के स्तर पर भी आवश्यक है। उन्होंने कहा, ड्रोन के ढांचों से लेकर उसके सॉफ्टवेयर, इंजन और बैटरियों तक, सब कुछ भारत में ही निर्मित होना चाहिए। यह कोई आसान कार्य नहीं है। अधिकांश देशों में जहां ड्रोन बनाए जाते हैं, वहां अनेक महत्वपूर्ण कलपुर्जे वर्तमान में चीन से आयात किए जाते हैं। श्री सिंह ने कहा कि किसी भी देश के रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण बड़े उद्योगों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, नव-उद्यमों और नवोन्मेषकों के योगदान पर निर्भर करता है, साथ ही सरकार की स्पष्ट नीतिगत दिशा भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है.

